भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 27.09.2023

## आरेडिका में मनाया जा रहा है स्वच्छता पखवाड़ा–2023

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में रेलवे बोर्ड के निर्देशन में दिनांक 16.09.2023 से 02.10.2023 तक "स्वच्छता पखवाड़ा–2023" का आयोजन किया जा रहा है। जिसके के अन्तर्गत सिविल विभाग द्वारा आवासीय परिसर, कॉम्पलेक्स, केन्द्रीय विद्यालय, मिनी एडमिन, सभी वर्कशॉपों में दिन–प्रतिदिन की योजना के अनुसार स्वच्छता अभियान कार्यक्रम श्रमदान के द्वारा चलाए जा रहे हैं। दिनांक–27.09.2023 को कार्मिक विभाग द्वारा साफ–सफाई और जन जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा – 2023 के अन्तर्गत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 1 अक्टूबर के दिन सभी देशवासियों से स्वच्छता के लिए 1 घण्टे श्रमदान करने की अपील की है। जिससे हम अपने आस–पास के वातावरण को साफ–सुथरा और सुन्दर बना सकें।

महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए फैक्ट्री परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान को गति प्रदान की जा रही है।

27/9/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी